>

Title: Regarding setting up of solar power plant in Jalaun district, Uttar Pradesh.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन): महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत जिला जालोन में यूपीनेडा के माध्यम से एक 70 मेगावाट के सौर ऊर्जा प्लांट की स्थापना हेतु चयनित संयुक्त उद्यमी कंपनी द्वारा लगाने के लिए अधिकृत किया गया है । सौर ऊर्जा प्लांट लगाने के लिए कंपनी को भूमि की आवश्यकता है । इसीलिए कंपनी द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार को दिनांक 30 अप्रैल, 2019 को राजस्व संहिता की धारा 90 के अंतर्गत अनुमति लेने हेतु संपूर्ण कागजात सहित प्रार्थना पत्र दिया जा चुका है ।

अत: मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि वायु प्रदूषण को कम करने एवं सस्ती ऊर्जा के लिए सौर ऊर्जा प्लांट की स्थापना के लिए उक्त कंपनी को अनुमति दिलाने का कष्ट करें जिससे यहां के किसानों को सस्ती ऊर्जा प्राप्त होगी । इससे किसान सिंचाई से लेकर अन्य ऊर्जा से संबंधित सभी कार्य आसानी से कर सकेंगे ।

माननीय अध्यक्ष : श्री संतोष पांडेय – अनुपस्थित ।